हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार 10 जनवरी 2026

15 5 किलोमीटर की साइकिल रेस में खुशबू ने मारीबाजी



16 नाला सफाई के बाद दिनभर चला मलबा उठाने...



# खंड समिति अध्यक्ष का पद रिक्त, अब चुनाव का इंतजार, अधिसूचना जारी

## जिला उपायुक्त के माध्यम से राज्य चुनाव आयुक्त को भेजी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

खंड समिति अध्यक्ष वर्षा गौतम के विरुद्ध 29 दिसंबर को अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ था। जिला प्रशासन के माध्यम से इसकी सूचना प्राप्त होने पर राज्य सूचना आयोग ने उनके चुनाव उपरांत जनवरी 2023 में जारी अधिसूचना को रद कर दिया है। इसके साथ ही यह पद अब रिक्त हो गया है। इसी क्रम में जिला उपायुक्त ने अब राज्य सूचना आयोग से ब्लॉक समिति अध्यक्ष पद का चुनाव करवाने के लिए तिथि निर्धारित करने का अनुरोध किया है।

**अध्यक्ष वर्षा के विरुद्ध 29 दिसंबर को अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ था**

बता दें कि बहादुरगढ़ खंड समिति के अंतर्गत 30 वार्ड हैं। तीन साल पहले इन वार्डों से बलराज, अंजू रानी, सतनारायण, राकेश, ज्योति, दयानंद, नवीना, योगेश, सुमन, देवबीर, रेनू देवी, रजत, रिंकी, रमेश कुमार, अमित देवी, कविता, आशीष राठी, विद्या देवी, प्रमोद आर्य, नीलम, अजीत सिंह, रेनूबाला, अभिषेक, पूनम देवी,

**बहादुरगढ़ खंड समिति के अंतर्गत 30 वार्ड**

सुरजीत सिंह, साहिल, रचिता जून, जसबीर, वर्षा गौतम व हरवेश मान सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे। फिर 31 दिसंबर 2022 को वार्ड-29 की वर्षा गौतम को प्रधान और वार्ड-18 की विद्या देवी को उप प्रधान चुना गया था। लेकिन 20 असंतुष्ट सदस्यों ने 24 दिसंबर 2024 को प्रधान वर्षा गौतम के प्रति अविश्वास जाहिर करते हुए डीडीपीओ को शपथ पत्र सौंपे थे। अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय के लिए पहले 9 जनवरी 2025 और फिर 11 अप्रैल को निर्धारित बैठकें स्थगित हो गई थी। ऐसे में तीसरी व निर्णायक बैठक 29 दिसंबर को हुई। एडीसी जगनिवास की अध्यक्षता में हुई बैठक में चेयरपर्सन और उनके 8 समर्थक गैर हाजिर रहे। जबकि बैठक में मौजूद 20 पार्षदों ने उनके विरुद्ध मतदान कर उन्हें पद से हटा दिया। इसके बाद जिला उपायुक्त के माध्यम से यह सूचना राज्य चुनाव आयुक्त को भेज दी गई। इस पर स्टेट इलेक्शन कमीशन ने 7 जनवरी को जारी अधिसूचना में बहादुरगढ़ खंड समिति अध्यक्ष वर्षा गौतम के निर्वाचन को निरस्त कर दिया। इसके साथ ही डीसी की ओर से अब आयोग से खंड समिति प्रधान का चुनाव करवाने के लिए तिथि तय करने को लेकर पत्र लिखा गया है। समिति के कुल 30 में से एक सदस्य टांडाहेड़ी निवासी रमेश कुमार का देहांत हो हो चुका है। ऐसे में अब 29 सदस्य तिथि तय होते ही नए अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। ब्लॉक समिति सदस्यों के साथ ही अब सभी की नजरें चुनाव की तिथि पर टिक गई है।

## खबर संक्षेप

### महासभा का सम्मान समारोह कल

झज्जर। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा आगामी 11 जनवरी को मेन बाजार स्थित जांगिड़ धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष प्रवीण जांगड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जहां समाज की एकता को सुदृढ़ बनाने व समाजहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। वहीं जिला स्तरीय प्रतिभा व वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया जाएगा।

### माछरोली में जांच शिविर 11 को

**बहादुरगढ़।** एमआर मेमोरियल नवजीवन हॉस्पिटल रोहतक की ओर से गांव माछरोली में फ्री हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर रविवार 11 जनवरी को चाहार अस्पताल में लगेगा। शिविर में घुटने व कूल्हे से संबंधित रोगों की विशेष जांच, फ्री एक्स-रे, तथा बीएमडी टेस्ट के माध्यम से हड्डियों में कैल्शियम की जांच निःशुल्क की जाएगी। इसके अलावा शिविर में ब्लड प्रेशर, आरबीएस जांच और आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

### इनेलो कार्यकारिणी की बैठक कल

**बहादुरगढ़।** इनेलो के सभी प्रकोष्ठों की हलका कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार दोपहर 3 बजे दिल्ली–रोहतक रोड स्थित इनेलो कार्यालय में होगी। बैठक में इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी की उपस्थिति में इनेलो के वरिष्ठ व युवा नेताओं की मौजूदगी में संगठनात्मक मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी। रोहतक व झज्जर के युवा प्रभारी भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना तथा पार्टी की भावी रणनीति तय करना है।

### बहादुरगढ़ में सेक्टर-13 के पास मिला शव

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-13 की सर्विस लाइन के निकट एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान करीब 45 वर्षीय विनोद के रूप में हुई है। नयागांव का रहने वाला था। सर्विस लाइन के निकट उसका शव पाया गया है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। किसी बीमारी से मौत होने की आशंका है। असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

## लगातार हो रही चोरी की वारदातों से दुकानदारों में भारी नाराजगी

# बहादुरगढ़ में बदमाशों के निशाने पर स्वर्णकार : 11 साल में 11 वारदात

## डीसी ज्वेलर्स की दुकान को बनाया निशाना, घटना सीसीटीवी में कैद

**कई बार कारीगर भी आभूषण लेकर फरार हो चुके हैं फरार**

मनीष कुमार ▸▸| बहादुरगढ़

शहर में लंबे समय से ज्वेलरी शॉप चोरों के निशाने पर हैं। बीते 11 वर्षों में इलाके में लगभग दर्जनभर आभूषणों की दुकानों पर लूटपाट व चोरी की वारदात हो चुकी हैं। इनमें से अधिकांश वारदात अनसुलझी हैं। गुरुवार रात को डीसी ज्वेलर्स के यहां हुई वारदात ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रही वारदातों से स्वर्णकारों में भारी नाराजगी है और वे सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।



**बहादुरगढ़।** सीसीटीवी में वारदात को अंजाम देते दिखाई दे रहे चोर।

### बीते सालों में कई घटनाएं हुई

- *12 जुलाई 2015 को मेन बाजार स्थित एसए ज्वैलर्स में चोरी का प्रयास।*
- *25 अगस्त 2016 को नाहरा-नाहरी रोड स्थित दीप ज्वैलर्स से आभूषण चोरी।*
- *18 नवंबर 2017 को सदर थाने के साथ एचसी ज्वैलर्स की छत में सेंध लगाकर चोरी।*
- *23 फरवरी 2021 को मेन बाजार स्थित एसए ज्वैलर्स पर पिस्तौल के बल पर लूटपाट।*
- *21 जनवरी 2022 को सिटी थाने से कुछ कदम की दूरी पर रत्न ज्वैलर्स में दीवार में सेंध लगाकर 40 लाख के आभूषण चोरी।*
- *8 जनवरी 2024 को किला मोहल्ला में एमएस ज्वैलर्स पर दिनदहाड़े लूट, विरोध करने पर संचालक को चाकू मारकर घायल किया।*
- *21 मई 2024 को रेलवे रोड पर ज्वेलरी शाप से चोरी करते समय चार महिलाएं पकड़ी गईं।*




**बहादुरगढ़।** मौके पर लोगों से जानकारी जुटाती पुलिस।

- *5 अप्रैल 2025 को महालक्ष्मी ज्वैलर्स से 300 ग्राम चांदी महिलाओं ने सेल्समैन बातों में उलझाकर उड़ाई।*
- *31 अगस्त 2025 को सिटी थाने से कुछ दूरी पर सूरजभान-रामनिवास ज्वैलर्स पर चाकू के बल पर लूटपाट।*
- *8 अक्तूबर 2025 की सुबह अब कोमल ज्वेलर्स से करीब ढाई करोड़ की चोरी।*
- *अब 8-9 जनवरी 2026 को डीसी ज्वैलर्स पर चोरी की वारदात*

**सीआईए, फिंगर एक्सपर्ट समेत कई टीमें जांच में जुटी**

### अशोक नगर में दुकान पर वारदात



**बहादुरगढ़।** इस दुकान में हुई चोरी की वारदात।

शहर के अशोक नगर में बराही फाटक के निकट एक ज्वेलरी शॉप में चोरी की बड़ी वारदात हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ज्वेलरी शाप के मालिक मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी। लाइनपार थाना पुलिस, सीआईए, फिंगर एक्सपर्ट टीम, साइबर सैल सहित अन्य टीमों ने मौके पर पहुंच कर जांच की। दुकान मालिक रितेश के अनुसार, चांदी के आभूषण के तीन डिब्बे, तीन सोने की अंगूठी, कोके व बाली की डिब्बी तथा 20 हजार की नकदी चोरी हुई है। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। दुकान के अंदर छह नकाबपोश चोर दिखाई दिए हैं। इसके अलावा बाहर भी कुछ चोर मौजूद बताए गए। चोर दुकान से पैदल ही फाटक की ओर भागे थे। वे किस वाहन में आए, यह जानने के लिए फुटेज चेक की जा रही हैं। लाइनपार थाने से जांच अधिकारी सुनील कुमार का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। कई टीमें मामले की जांच में जुटी हैं। जल्द से जल्द इस मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा।

### अनसुलझे केस और बढ़ती चिंता

इन वारदातों में से अधिकांश मामले अब तक अनसुलझे हैं, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। इसके अलावा कई बार कारीगरों द्वारा आभूषण लेकर फरार होने की वारदात हो चुकी है। वहीं ग्राहक बनकर आए शातिरों द्वारा चेन व अन्य आभूषण लेकर भागने की घटनाएं भी सामने आई हैं। हर बार एफआईआर दर्ज होती है, लेकिन कई मामले दबकर रह जाते हैं।

### व्यापारी वर्ग में भय का माहौल

स्वर्णकार रितेश, पारसमणी, अनिल आदि का कहना है कि एक वारदात सुलझती नहीं है कि दूसरी हो जाती है। शहर में बार-बार हो रही वारदातों से व्यापारी वर्ग में भय का माहौल है। अगर ऐसे ही वारदातें होती रहेंगी तो हम कैसे काम करेंगे। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द वारदात सुलझाने की मांग की। इसके अलावा मुख्य बाजारों में रात्रि गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी नेटवर्क मजबूत करने और पुलिस गश्त को नियमित करने की मांग की है। उधर, पुलिस की कई टीमें मामले में छानबीन कर रही हैं। ऐसे में देखने वाली बात है कि पुलिस इस वारदात को सुलझा पाती है या फिर यह भी बीते वर्षों में हुई वारदातों की तरह अनसुलझी पहली बन जाएगी !

**राव तुलाराम चौक पर वारदात**

# झज्जर में मोबाइल शॉप से फोन और नकदी चोरी, केस



**सीसीटीवी में तीन नाबालिग चोरी करते दिखाई दे रहे**

**झज्जर।** दुकान के साथ लगता सीढ़ियों का दरवाजा जिसे तोड़ कर चोरों ने किया प्रवेश।

**झज्जर।** शहर के सिलानी गेट क्षेत्र स्थित राव तुलाराम चौक पर चोरों द्वारा मोबाइल व नकदी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। सुबह दुकानदान दुकान पर पहुंचा तो उसे चोरी की घटना का पता चला। पीड़ित दुकानदार आशु ने बताया कि चोर दुकान में रखे करीब एक दर्जन मोबाइल, गल्ले में रखी एक से दो हजार रुपये तक की नकदी तथा मोबाइल एक्सेसरीज चुरा ले गए। उन्होंने बताया कि वे नए मोबाइल शाम को दुकान बंद करते समय अपने साथ ले जाते हैं। ऐसे में चोरी हुए मोबाइलों में जहां ग्राहकों के आठ से दस मोबाइल रिपयेरिंग के लिए आए थे वहीं तीन-चार उनकी दुकान के मोबाइल थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने भी मौके पर पहुंच कर चोरी हुए सामान की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली। वीरवार की रात हुई चोरी की यह घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई है। चोरों ने दुकान में प्रवेश के लिए साथ लगती दुकान की सीढ़ियों का दरवाजा तोड़ा। सीसीटीवी में तीन किशोर चोरी करते हुए दिखाई देते हैं। ऐसे में पीड़ित दुकानदार का करीब 60 से 70 हजार रुपये तक का नुकसान हुआ है।

### पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

चोरी की इस घटना के बाद जिला व्यापार मंडल के अध्यक्ष केशव सिंगल ने रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग जिला प्रशासन से की है। वहीं शहर थाना प्रभारी बलदेव ने बताया कि दुकानदार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। सीसीटीवी खंगाली जा रही है। सीसीटीवी में तीन नाबालिग चोरी करते हुए दिखाई दे रहे है। जिनकी पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

# गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**धारुहेड़ा में बहन को शादी का कार्ड देकर लौट रहे थे**

**बहादुरगढ़।** बादली बाईपास पर बुपनिया मोड़ के निकट दर्दनाक हादसा हो गया। बहन की शादी का कार्ड देकर लौट रहे बाइक सवार दो युवक एक गाड़ी की चपेट में आ गए। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

मृतक की पहचान 25 वर्षीय राहुल के रूप में हुई है। राहुल गांव मातन का रहने वाला था। राहुल के मामा के लड़के आशीष की बहन की इस माह में शादी है। राहुल की बहन धारुहेड़ा में रहती है। शादी का कार्ड तथा संक्रांत का सीधा के लिए राहुल व आशीष धारुहेड़ा गए थे। आठ की शाम को वापसी के लिए रवाना हुए। जब बादली बाईपास पर बुपनिया मोड़ के निकट पहुंचे तो उनकी बाइक को गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई। दोनों को बादली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से राहुल को रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### ड्राइवर समेत चारों शख्स नशे की हालत में थे



बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों के बयान के बाद शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। जहांगीरपुर दिल्ली के निवासी नवीन की शिकायत पर पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। नवीन का कहना है कि गाड़ी चालक शकील अहमद की लापरवाही के कारण हादसा हुआ। उसके साथ गाड़ी में तीन और युवक मौजूद थे। ड्राइवर समेत चारों शख्स नशे की हालत में थे। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# दीवारों पर पेंटिंग से दिया जा रहा स्वच्छता का संदेश

## बहादुरगढ़ में रेडक्रॉस सोसायटी की जमीन पर वृद्धाश्रम और महिला हॉस्टल बनाने की योजना

**झज्जर।** जिले के चहुंमुखी विकास को लेकर शासन प्रशासन सजगता के साथ कार्य कर रहा है। शहरों में सीसीटीवी को लेकर विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाएगी। जिसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि शहरों के सौंदर्यीकरण की बात हो या फिर खेल स्टेडियमों के जीर्णोद्वार का विषय,सभी विभागों के सहयोग से विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। उनकी कोशिश है कि जनसहयोग से शहर स्वच्छ व सुंदर बनें। शहर में आने वाले नागरिक को सुखद अहसास हो।

**डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी**



**झज्जर।** पत्रकार वार्ता को संबोधित करते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

शहर की दीवारों को देश भक्ति व स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ी पेंटिंग से सजाया जा रहा है। बेसहारा पशुओं की स्थिति पर उन्होंने कहा कि खुले में घूम रहे पशुओं की समस्या के स्थाई समाधान को लेकर गौशाला प्रबंधकों से बातचीत की जाएगी। उन्होंने बताया कि बहादुरगढ़ में रेडक्रॉस की लगभग छह एकड़ की जमीन है जिस पर वृद्धाश्रम और वर्किंग महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाने की योजना है।

# एसबीए राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप में रोमांचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

एचएल सिटी में स्थित शाइनिंग स्टार बैडमिंटन एकेडमी में चल रही 92वीं एसबीए राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के तीसरे दिन भी रोमांचक मुकाबले हुए। भारतीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर महासंघ के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए यहां उपलब्ध विश्वस्तरीय सुविधाओं व उत्कृष्ट खेल परिस्थितियों की सराहना की।प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को पुरुष स्नूकर के क्वालिफाइंग राउंड में पुष्पेंद्र सिंह ने शफान खान को 4–0, केतन चावला ने रविश अरोड़ा को 4–0, एस. दिलीप कुमार ने करण वर्मा को 4–0, अथुल किशोर ने मोहम्मद सैफ अरिफ को 4–0, रफत हबीब ने विजय गोयल को 4–0, रोहित मल्होत्रा ने अनुभव शुक्ला को 4–2 से पराजित किया। महिलाओं के स्नूकर लीग मुकाबले में अनुपमा रामचंद्रन ने प्रियंका दुआराह को 2–0, अमी कामानी ने एन. शुभांगी राव को 2–0, कीर्तन पांडीयन ने पूजा गलुंडिया को 2–0 से हराया। क्वालिफाइंग दौर अब निर्णायक स्थिति में पहुंच रहा है। उम्मीद है कि आगामी दिनों में मुख्य ड्रॉ शुरू होने से पहले रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।



**बहादुरगढ़।** अंक लेने का प्रयास करती महिला स्नूकर खिलाड़ी।

## नप ने टैक्स नहीं भरने वालों को फाइनल नोटिस देकर दी थी कार्रवाई की चेतावनी

# प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों पर सीलिंग की कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

आखिरकार नगर परिषद ने प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों से रिकवरी के लिए सीलिंग अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत बड़े बकाएदारों को पहले ही नोटिस भिजवाए जा चुके हैं।

हालांकि पहले दिन एक बिल्डिंग सील होते ही अन्य 6 बकायेदारों ने टैक्स चुका दिया। जबकि सील किए गए भवन मालिक को 7 दिन की मोहल्लत दी गई है। जी हां, नगर परिषद ने प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को एक बकायेदार की बिल्डिंग को सील कर दिया। यह कार्रवाई नगर परिषद अधिकारियों द्वारा किए गए सर्वे के बाद की गई। बता दें कि बहादुरगढ़ नगर परिषद में 85 हजार 556 प्रॉपर्टी आईडी पंजीकृत हैं। इन सभी संपत्ति मालिकों पर प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में नगर परिषद का करोड़ों रुपए बकाया है। नप सचिव प्रवीण छिकारा के अनुसार शहर में 2 सौ से ज्यादा ऐसे बड़े संपत्ति मालिक हैं, जिनसे करीब 40 करोड़ रुपये वसूले जाने हैं।



**बहादुरगढ़।** प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी को लेकर बिल्डिंग सील करने पहुंचे नप अधिकारी।

### सभी समय पर अपना प्रॉपर्टी टैक्स को जमा कराएं

पहले सभी संपत्ति मालिकों को ईमेल और एसएमएस के माध्यम से बिल की जानकारी दी गई। इसके बाद नगर परिषद ने एक लाख से ज्यादा के बकाएदारों को संपत्ति कर जमा करवाने के लिए नोटिस दिए थे। इसके बावजूद प्रॉपर्टी टैक्स का बकाया नहीं भरे जाने पर हरियाणा म्यूनिसिपल एक्ट 1973 के प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही शुरू की। फाइनल नोटिस देने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ तो सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी गई। शुक्रवार को कार्यकारी अधिकारी अरुण नांदल, नप सचिव प्रवीण छिकारा, भवन निरीक्षक विवेक जैन और भूमि अधिकारी नीरज शर्मा की अगुवाई में नप की टीम ने दिल्ली रोहतक रोड पर दस्तक दी। नप की टीम कुल 7 जगह गई। जिनमें से 6 ने नप में आज ही करीब 20 लाख जमा करवा दिए। जबकि करीब साढ़े 5 लाख बकाया होने पर एक बिल्डिंग को सील कर दिया गया। नप अधिकारियों के अनुसार कई बार नोटिस देने और भुगतान के लिए कहे जाने के बावजूद जब टैक्स जमा नहीं कराया गया, तो अंततः सीलिंग की कार्रवाई करनी पड़ी। अन्य बकायेदारों को भी चेतावनी दी गई है। ईओ अरुण नांदल ने स्पष्ट किया है कि शहर के विकास कार्यों के लिए प्रॉपर्टी टैक्स एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सचिव प्रवीण छिकारा ने सभी संपत्ति मालिकों से अपील करते हुए कहा कि वे समय पर अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराएं, ताकि कार्रवाई से बचा जा सके।



# 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को कर दिया इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की वॉर ड्रामा 'बॉर्डर 2' का नया गाना 'इश्क दा चेहरा' रिलीज हो गया है। ये एक सोलफुल रोमांटिक मेलोडी गाना है, जो दर्शकों के सामने एक मूवी का एक इमोशनल एंगल दर्शा रहा है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे देश के साथ-साथ जवान अपनी पर्सनल लाइफ में भी अपने परिवार को कितना प्यार करते हैं। कैसे उनकी पत्नियां उनका इंतजार करती हैं और एक दिन आता है कि वो वापस उन्हें छोड़कर अपनी धरती मां की रक्षा के लिए बॉर्डर पर लौट जाते हैं। 'बॉर्डर 2' के दूसरे गाने 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को इमोशनल कर दिया है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ, सचेत टंडन और परंपरा टंडन ने मिलकर गाया है। गाना का म्यूजिक सचेत-परंपरा ने दिया है जबकि लिरिक्स कौसर मुनीर ने लिखे हैं। फिल्म के कास्ट की बात करें तो इसमें सनी देओल के अलावा फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में धमाका करने आ रही है।

लाइफ Style

# शनाया

## खौफ से शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी

फिल्म 'तू या मैं'एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर में यह फिल्म एक आम लव स्टोरी नहीं लग रही, पहली झलक में यह ऑडियंस को डराती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

'तू या मैं'के टीजर में शनाया कपूर का किरदार स्विमिंग पूल में नजर आता है, वह रिलैक्स कर रही होती है। अचानक उसे लगता है कि पूल के अंदर कोई है। यह सीन खौफ पैदा करता है। आगे टीजर में एक लव स्टोरी, रोमांस नजर आता है। लेकिन फिर कहानी बदलती है और लीड कैरेक्टर एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं। दोनों को अब बस अपनी जिंदगी बचानी है। फिल्म 'तू या मैं'एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। फिल्म में शनाया कपूर के अपोजिट आदर्श गौरव नजर आ रहे हैं। फिल्म 'तू या मैं' की रिलीज डेट तो मेकर्स ने शेयर की है।

यह फिल्म फरवरी महीने में वैंलटाइन वीक में रिलीज हो सकती है। इसकी रिलीज डेट 13 फरवरी है। शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां'से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसमें वह विक्रांत मैसी के साथ नजर आईं। जल्द ही उनकी फिल्म 'तू या मैं' रिलीज होगी। फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'जेसी' है।



हॉलीवुड मसाला



# 83वें गोल्डन ग्लोब में अवॉर्ड करेंगी प्रेजेंट

**लॉस एंजिल्स।** रविवार 11 जनवरी को लास एंजिल्स में होने वाले गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स में अब अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा प्रेजेंटेटर्स में शामिल हो गई हैं। आयोजकों की ओर से इस बात की जानकारी दी गई। जिसके बाद जाहिर है कि प्रियंका भी इस अवॉर्ड फंक्शन में अवॉर्ड प्रेजेंट करती नजर आएंगी। गोल्डन ग्लोब्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबट्र्स, अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मिला कुनिस के साथ स्टेज पर अवॉड्र्स प्रेजेंट करेंगी। प्रियंका लंबे समय बाद इस प्रतिष्ठित मंच पर नजर आएंगी। प्रेजेंटर्स की इस स्टार-स्टडेड लिस्ट में कई और बड़े नाम भी शामिल हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में आयोजित होंगे। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।



# बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहती हैं सोफी

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड कलाकारों की हॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस के प्रति दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन हॉलीवुड में भी अपने देश के कलाकारों की फैन फॉलोइंग कोई कम नहीं है। अब हाल ही में 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने बॉलीवुड स्टार्स दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। इसके साथ ही सोफी टर्नर ने जल्द ही किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे वहां का डांस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत नजारा होता है और वे बहुत खूबसूरत होते हैं। प्रोडक्शन डिजाइन इतना शानदार होता है कि मुझे नहीं लगता कि हमने कभी किसी हॉलीवुड फिल्म सेट पर ऐसा कुछ देखा होगा। सोफी टर्नर ने अभी तक किसी भी भारतीय सिनेमा में काम नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने 2018 में अपने पूर्व बहनोई निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत का दौरा किया था।



# नवलगढ़ में घूंघट की शूटिंग करने पहुंचीं

**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू इस वक्त राजस्थान के झुंझुनू जिले के नवलगढ़ में हैं। वे यहां अपनी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुंची हैं। सेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वे खाकी वर्दी पहने दिख रही हैं। पुलिस ऑफिसर के गेटअप में तापसी काफी रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। तापसी का यह लुक फिल्म 'घूंघट' का है। अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'घूंघट' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वे खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। तापसी इन दिनों नवलगढ़ में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री तापसी महिला थानेदार के गेटअप में नजर आ रही हैं। तापसी की यह फिल्म अनुपम सिन्हा और मकबूल खान के निर्देशन में बन रही है। सेट से लीक हुई तस्वीरों और वीडियो में तापसी पन्नू महिला थानेदार की वर्दी पहने हुए नजर आ रही हैं।



# ओ रोमियो का फर्स्ट लुक आया सामने

**मुंबई।** शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' का फर्स्ट लुक शुक्रवार को सामने आ गया है। इस पहले लुक में शाहिद काफी खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। लाल रंग के बैकग्राउंड में शाहिद का चेहरा खून से लथपथ दिख रहा है। वहीं वो जोश में चीखते दिख रहे हैं। पोस्टर को देखकर ऐसा लगता है कि शाहिद और विशाल भारद्वाज एक बार फिर 'कमीने' जैसा कुछ अलग लाने वाले हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी साफ कर दिया है कि फिल्म की पहली झलक या टीजर शनिवार को सामने आएगा। 13 फरवरी को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस फिल्म की झलक पाने के लिए बेकरार थे। अब शाहिद कपूर के इस पहले पोस्टर को ही देखकर फैंस उत्साहित हो गए हैं।

टीवी मसाला



# 1985 में 'विक्रम और बेताल' शो ने रचा था इतिहास

**नई दिल्ली।** टीवी जगत के ऐसे कई शोज हैं, जिनको आज भी याद किया जाता है। इसमें रामायण, महाभारत और शक्तिमान समेत कई शो हैं, जो लोगों के दिलों में बस चुके हैं। 80 और 90 के दशक में टीवी शोज का दौर हुआ करता था। उस टाइम में आने वाले नए-नए शो लोगों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं हुआ करते थे। पूरी फैमिली के साथ टीवी सीरियल देखने का मजा ही अलग था। उस वक्त ना यूट्यूब और ना ही ओटीटी बस टीवी शो ही एकमात्र मनोरंजन का जरिया हुआ करते थे। बात करेंगे उस पुराने टीवी शो की जो 41 साल बाद भी लोगों को याद है। दूरदर्शन पर आने वाला यह शो अपनी लोककथाओं और पौराणिक कहानियों पर बेस्ड था। इस शो में वो सभी कलाकार नजर आए थे, जो रामायण और महाभारत में भी देखे गये थे। अरुण गोविल, अरविंद त्रिवेदी, सुनील लहरी, विजय अरोड़ा, दीपिका चिखलिया, मूलराज राजदा, रमेश भटकर और लिलिपुट जैसे स्टार इस शो में नजर आए थे। इस शो का नाम सामने आते ही इसका एक-एक एपिसोड आपकी आंखों के सामने आ जाएगा। 'विक्रम और बेताल' जी हां, यह वही शो है, जिसमें टीवी के राम ने विक्रम का रोल प्ले किया था। इस शो की कहानी राजा विक्रमादित्य और बेताल के सवालों के इर्द-गिर्द घूमती है। इस शो की सबसे खास बात यह रही कि इसे बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी खूब पसंद किया था। बच्चों के लिए यह थोड़ा डरावना भी था, क्योंकि बेताल का लुक किसी भूत से कम नहीं था।

# मास्टरशेफ इंडिया में पहुंचीं पार्किंसन से जंग लड़ रही लड़की

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर शो 'मास्टरशेफ इंडिया' के 9वें सीजन का आगाज हो चुका है। अभी शो के ऑडिशन चल रहे हैं, जिसमें एक से बढ़कर एक हुनरबाज लोगों को देखा जा रहा है। अब शो में ऐसी जोड़ी की एंट्री हुई है, जिनके हुनर को देखकर तीनों जज खुद को एप्रन देने से नहीं रोक पाए और सेट पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं। शो में जहां सिर्फ अच्छे खाने की तलाश की जा रही है, वहीं इसी के साथ लोगों की संघर्ष की कहानी फैंस और जजों को रोने पर मजबूर कर रही है।



'मास्टरशेफ इंडिया' का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें एक ऐसे कंटेस्टेंट को देखा गया है जो मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है, लेकिन किचन में कुकिंग करते ही, वे अपनी सारी कमजोरियों पर काबू पा लेती हैं। हम बात कर रहे हैं मनीषा की, जो 14 साल की उम्र में कोमा में चली गईं थीं और हैवी डोज की दवाएं लेने की वजह से सेकेंडरी पार्किंसन से ग्रस्त हो गईं। इस बीमारी में मांसपेशियां अकड़ हो जाती हैं और शरीर अपने आप कांपने लगता है।




# भाबी जी की सवारी निकल पड़ी थिएटर की ओर...

**मुंबई।** सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' के फैंस के लिए खुशखबर है। अब यह सीरियल, फिल्म के रूप में बड़े आ रहा है। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं'का पहला पोस्टर और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं'में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं, फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में सभी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं'की रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। यह फिल्म अगले महीने वैंलेटाइन डे से पहले रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 6 फरवरी है। पोस्टर रिलीज के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा है, 'गली गली में होगा शोर, क्योंकि भाबी जी की सवारी निकल पड़ी है थिएटर की ओर।'

# शोभिता की चीकाटिलो का पोस्टर जारी

**मुंबई।** द नाइट मैनेजर जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम चीकाटिलो है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है,




जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। चीकाटिलो प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी चीकाटीलो एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित चीकाटिलो को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# 'द राजा साब' की रिलीज के बीच पशुपतिनाथ पहुंचे संजय



मुंबई। संजय दत्त इन दिनों अपनी फिल्मों 'धुरंधर' और 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में वह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। संजय दत्त और प्रभास की अदाकारी से सजी फिल्म 'द राजा साब' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में संजय दत्त शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा की। एक्टर गुरुवार शाम को एक कसीनो के उद्घाटन में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंचे। उनकी यात्रा से फैंस खुश हो गए। एक्टर के पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। संजय दत्त की यह यात्रा ऐसे मौके पर हुई जब उनकी फिल्म 'द राजा साब' रिलीज हुई है। संजय दत्त और प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्टर एक खतरनाक रोल में नजर आ रहे हैं। 'द राजा साब' के निर्देशक मारुति हैं। इसमें बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी अहम किरदारों में हैं। इससे पहले संजय दत्त आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन थीं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।


## भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड पर टिकी हैं

# कांतारा चैप्टर 1 और तन्वी द ग्रेट भी ऑस्कर की रेस में शामिल

इस बार ऑस्कर में भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म 'होमबाउंड'पर टिकी हैं। होमबाउंड ऑस्कर में भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजी गई फिल्म है। फिल्म अभी भी रेस में बनी हुई है। लेकिन, अब भारत की दो और फिल्में भी ऑस्कर की दौड़ में शामिल हो गई हैं। जिसके बाद अब भारत को इन दो फिल्मों से भी उम्मीद बंध गई है। हालांकि, अभी इन फिल्मों को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने वाली ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' उन 201 फीचर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई हैं, जो 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए विचाराधीन हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आट्र्स एंड साइंस (एएमपीएएस) ने उन 201 योग्य फिल्मों की घोषणा की है, जो प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार के लिए सीधे तौर पर पात्र हैं। इस लिस्ट में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' भी शामिल हो गई हैं। ऐसे में अब इन दोनों फिल्मों से भी ऑस्कर में उम्मीदें जाग गई हैं।





## सभी शर्तों को दोनों फिल्मों ने किया पूरा

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए एलिजिबल फिल्मों ने सामान्य एंट्री के अलावा सभी अतिरिक्त एलिजिबलिटी आवश्यकताओं को भी पूरा किया। इसमें सिनेमाघरों में प्रदर्शन और एक कॉन्फिडेंशियल अकादमी प्रतिनिधित्व और समावेशन मानक प्रविष्टि फॉर्म जमा करना भी शामिल है। फिल्मों को अकादमी के चार इन्क्लूजन स्टैंडर्ड में से कम से कम दो को पूरा करना और 2025 में अपनी पहली रिलीज के 45 दिनों के भीतर शीर्ष 50 अमेरिकी बाजारों में से 10 में एक योग्य थिएटर प्रदर्शन पूरा करना भी आवश्यक था। सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में शामिल होने की सभी शर्तें पूरी करने के बाद 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' दोनों ही ऑस्कर पुरस्कार के संभावित दावेदार बन गए हैं। अकादमी द्वारा अंतिम नामांकन सूची 22 जनवरी को जारी की जाएगी।

## 2025 की सबसे सफल फिल्मों में शामिल कांतारा चैप्टर 1

*होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित 'कांतारा: चैप्टर 1' ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत फिल्म है। यह 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी फिल्म को जमकर सराहा था। वहीं दूसरी ओर 'तन्वी द ग्रेट' का निर्माण, निर्देशन और लेखन अनुपम खेर ने किया है। यह फिल्म ऑटिज्म पर आधारित है, जिसमें एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में अनुपम खेर के अलावा शुभांगी दत्त, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और पल्लवी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।*

## खबर संक्षेप

### विधायक राजेश जून ने जताया दुख

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून ने लक्खू पहलवान की मां शकुंतला देवी के निधन पर दुख जताया। दरअसल स्व. सुरजीत सिंह की धर्मपत्नी शकुंतला देवी का निधन 28 दिसंबर को हो गया था। उनकी सतरहवीं रविवार 11 जनवरी को सेक्टर-9 में संपन्न होगी।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**सांपला।** नेशनल हाईवे नंबर 9 चुलियाना मोड़ के पास सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की देर शाम गिझी गांव निवासी हरि ओम खरावड़ कंपनी से ड्यूटी करके अपनी बाइक पर घर लौट रहा था। बताया चुलियाणा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### फुटबॉल खिलाड़ियों का ट्रायल बहलबा में आज से

**महम।** प्रदेश स्तरीय खेलों के लिए फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन करने के लिए शनिवार 10 जनवरी और रविवार 11 जनवरी को बहलब गांव में ट्रॉयल का आयोजन किया जाएगा। फुटबॉल एसो. पंचकूला के जिला अध्यक्ष आर डी अत्री ने बताया कि अंडर 17 आयु वर्ग के लड़कों की फुटबॉल ट्रॉयल बहलबा खास गांव के तीर्थ खेल स्टेडियम में 9 बजे शुरू हो जाएगी।

### निर्माण सामग्री की जांच की मांग

**रोहतक।** खरावड़ के अंकित ने डीसी को पत्र भेजकर मांग की है कि उनके गांव में गोशाला शेड के निर्माण में जो सामग्री प्रयोग की जा रही है, वह निम्न स्तर की है। पिछले दिनों मामले की जांच के लिए अतिरिक्त उपायुक्त गोशाला आए थे। लेकिन इसके बाद आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि अतिरिक्त उपायुक्त पंचायत विभाग के तकनीकी विभाग के अधिकारी मामले को दबाने में लगे हुए हैं।

### मानसरोवर कॉलोनी में लूटपाट के आरोपी बरी

**रोहतक।** मानसरोवर कॉलोनी में मकान में हुई लूट के मामले में एडीजे रजनी यादव की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सबूतों के अभाव में दो आरोपियों को बरी कर दिया है। जबकि एक व्यक्ति की इस मामले में मौत हो चुकी है। 22 अगस्त 2021 मानसरोवर कॉलोनी के निवासी कपिल के घर में चोरी हुई है।

### मदविः सॉफ्ट स्किल्स पर कार्यक्रम 13 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि. के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय के अंतर्गत यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सॉफ्ट स्किल्स एवं एसएसबी गाइडेंस कार्यक्रम के चौथे बैच का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 13 जनवरी 2026 से 2 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

## प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा पहुंचे

# हरियाणा स्टाइल कबड्डी में बहु अकबर की टीम प्रथम

**विजेता टीम को 1 लाख 51 हजार और उपविजेता को 51 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव मारौत में आयोजित हरियाणा स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता में बहु अकबरपुर की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मुख्यातिथि तथा स्थानीय विधायक गीता भुक्कल, बेरी विधायक रघुबीर कादियान और बादली विधायक कुलदीप वत्स विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। फाइनल मुकाबला मारौत व बहुअकबर की टीम के बीच हुआ। मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए बहु अकबरपुर की टीम ने रमेश मारौत की टीम को 25 :15 के अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को मुख्यातिथि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 1 लाख 51 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। इनके अलावा दूसरे स्थान पर रहने वाली रमेश मारौत की टीम को 51 हजार रुपये तथा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल करने वाली सोनू पहलवान मारौत व भिवानी की टीम को 31-31 हजार रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिं हुड्डा ने कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों से जहां युवाओं को अपना व अपने क्षेत्र का नाम चमकाने का मौका मिलता है वहीं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने व खेलों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया।



झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान मंचासीन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

**प्रतियोगिता में प्रदेश से पुरुषों की 16 टीम ने भाग लिया**

आयोजक समिति सदस्य एवं पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सुनील पहलवान ने बताया कि प्रतियोगिता में पंजाब से पहुंची दो महिला कबड्डी टीमों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। आयोजकों द्वारा प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दोनों टीम की प्रतिभागियों को 11-11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पुरुषों की 16 टीम व महिलाओं की टीम में पंजाब दो टीमें शामिल रहीं।

# गोसेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा : उपायुक्त



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान डीसी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए आयोजक समिति सदस्य।

- गोशालाएं सामाजिक समरसता सेवा भाव और मानवीय मूल्यों की सशक्त मिसाल : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गोसेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है तथा गोशालाएं केवल पशु संरक्षण का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सेवा भाव और मानवीय मूल्यों की सशक्त मिसाल भी हैं। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने श्रीराम कृष्ण गौशाला खेड़का गुज्जर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के माध्यम से समाज में सेवा, करुणा और सहयोग की भावना सुदृढ़ होती है। समाज के प्रत्येक वर्ग को गौसेवा एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभानी चाहिए। इस दौरान नप चेयरपर्सन बहादुरगढ़ सरोज राठी, गौशाला प्रबंधन समिति के प्रधान सतपाल देशवाल, नरेंद्र जाखड़, अमर प्रधान, वेद प्रधान, प्रदीप पहलवान, लक्ष्मण शास्त्री, सुनील प्रधान सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# समाधान शिविर समस्या निवारण के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल: डीसी




झज्जर। समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

- डीसी ने समस्या के समाधान के बाद एटीआर पोर्टल पर अपडेट करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित एवं संतोषजनक निवारण के लिए सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने विभागवार प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिकायत के समाधान के उपरांत एक्शन टेकन रिपोर्ट बिना विलंब संबंधित पोर्टल पर भेजी जाए।



बहादुरगढ़। ग्रामीणों को जागरूक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

# नशा परिवार और समाज को ले जाता बर्बादी की ओर : एसआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नशे पर अंकुश लगाने व युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस टीम ने डोर-टू-डोर अभियान के तहत आसौदा सिवान क्षेत्र में पहुंचकर लोगों को नशा मुक्त समाज के लिए जागरूक किया। एसआई सत्यप्रकाश ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को खराब करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी बर्बादी की ओर धकेल देता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने भविष्य को सुरक्षित रखने की अपील की। साथ ही अभिभावकों से भी कहा कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और समय रहते उन्हें सही मार्गदर्शन दें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कहीं भी नशे की बिक्री या सेवन की जानकारी मिले तो पुलिस को सूचित करें। पुलिस टीम ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी भी दी।

# खेड़का की गोशाला में 50 लाख रुपये से बनेगा आधुनिक शेड

- इस गोशाला में 900 गोवंश को दिया जा रहा संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने शुक्रवार को गांव खेड़का गुर्जर स्थित गौशाला में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि यहां बेसहारा गोवंश के लिए आधुनिक शैड का निर्माण किया जाएगा। नगर परिषद बहादुरगढ़ की ओर से इस शैड का निर्माण कराया जाएगा, जिस पर करीब 50 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके लिए टेंडर लगा दिया गया है।

कार्यक्रम में जिला उपायुक्त रविंद्र स्वप्निल पाटिल ने भी मुख्य तौर पर भाग लिया। गोशाला प्रबंधकों ने गोमाता का चित्र भेंट कर चेयरपर्सन सरोज राठी को सम्मानित भी किया। राठी ने कहा कि नगर परिषद बहादुरगढ़ द्वारा शहर से पकड़े गए बेसहारा गोवंश को इसी गोशाला में छोड़ा गया है। वर्तमान में यहां नगर परिषद द्वारा करीब 900 गोवंश को संरक्षण दिया जा रहा है।



बहादुरगढ़। सरोज राठी को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

**सड़क दुर्घटनाओं में आएगी कमी**

उन्होंने गोशाला प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद गोशाला द्वारा गोवंश की बेहतर देखभाल करना प्रशंसनीय है। ईओ अरुण नांदल ने बताया कि शैड निर्माण को लेकर टेंडर लगा दिया गया है, ताकि काम शीघ्र शुरू हो सके। नगर परिषद की ओर से शहर में बेसहारा घूम रहे गोवंश को पकड़कर गोशालाओं में छोड़ा जा रहा है, जिससे सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं पर भी रोक लगेगी। गोशाला प्रधान सतपाल देशवाल ने नगर परिषद और चेयरपर्सन सरोज राठी का आभार जताते हुए कहा कि शैड निर्माण गोशाला को बड़ी राहत मिलेगी।

## किसानों के मसीहा थे सर छोटूराम: विक्रम

**बहादुरगढ़।** सर दीनबंधु छोटूराम की पुण्यतिथि पर एडवोकेट विक्रम सिंह छिल्लर समेत बहादुरगढ़ बार एसोसिएशन के वकीलों ने नमन किया। एडवोकेट अशोक अहलावत, सुरेंद्र बाल्यान, हुक्मचंद राठी, सुमित देशवाल, हितेश, रोहित आदि ने दीनबंधु छोटूराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। विक्रम छिल्लर ने कहा कि सर छोटूराम ने सर्वसमाज को नई दिशा दी। वे किसानों के मसीहा थे। जिन्होंने आजीवन किसान मजदूरों के हितों के लिए संघर्ष किया।



बहादुरगढ़। दीनबंधु छोटूराम को श्रद्धांजलि अर्पित करते अधिवक्ता।

## गांव बिठला में पुलिस ने बताए नशे के दुष्परिणाम

# युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की

- बिठला गांव में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव व साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत गांव बिठला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि महिला मुख्य सिपाही सपना एवं एसपीओ संजीत ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों, डायल 112 की उपयोगिता तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।

मुख्य सिपाही सपना ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी कमजोर करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में है, तो उसे समय रहते परामर्श और उपचार के माध्यम से सही रास्ते पर लाया जा सकता है। उन्होंने डायल 112 सेवा की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में यह सेवा तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध कराती है। उन्होंने ग्रामीणों को साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने से होने वाले नुकसान के बारे में भी विस्तार से समझाया। ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंतहेल्पलाइन नंबर 1930 से संपर्क करें।



झज्जर। ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

## कानूनी जागरूकता शिविर कल

# पैरा लीगल वालंटियर ग्रामीणों को कानून की जानकारी देंगे

- वीर परिवार योजना के अंतर्गत किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वीर परिवार योजना के अंतर्गत मानव तस्करी की रोकथाम को लेकर रविवार को जिला के सात गांवों में कानूनी जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

वीर परिवार योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले कैंपों में पैरा लीगल वालंटियर ग्रामीणों को कानूनी जानकारी प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि रविवार को गांव खैरपुर में आयोजित कानूनी जागरूकता शिविर में पीएलवी शिवधन, गांव लडरावण में सरोज देवी, गांव दहकौरा में पीएलवी नवीन कुमारी व गांव शाहपुर में पीएलवी बबीता द्वारा ग्रामीणों को कानूनी जानकारी प्रदान की जाएगी।

# हाइवा लूटने के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार



**बावल।** बावल थाना पुलिस ने करीब सात साल पहले चालक व क्लीनर को बंधक बनाकर हाइवा लूटने के मामले में एक और आरोपी को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूंह के गांव रिठठ निवासी असगर के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जिला फरीदाबाद के गांव गोठडा मोहताबाद निवासी अमित ने शिकायत में बताया था कि 20 अक्टूबर 2018 की रात को उसकी हाइवा गाड़ी के चालक सबीर व क्लीनर वाजिद के साथ वारदात हुई थी।

## कोर्ट से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बावल।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए जा चुके एक पीओ को लगभग 3 साल बाद गिरफ्तार किया है। एक मामले में बावल कोर्ट ने नूंह के शिकारपुर निवासी असगर को पीओ घोषित कर दिया था। बावल थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर असगर के खिलाफ 2023 में केस दर्ज किया था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

## लड़कियों के वर्ग में तेलंगाना ने गोवा को 10-0 से किया पराजित

# लड़कों के वर्ग में जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को 4-3 से हराया

**38वीं सब-जूनियर सॉफ्टबॉल नेशनल चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम यूनिवर्सिटी पाटौदा खेल परिसर में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में 17 राज्यों की 34 टीमें हिस्सा ले रही है। हरियाणा सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में यह चैम्पियनशिप 12 जनवरी तक चलेगी। जिनमें केरल, आंध्र प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, गुजरात सहित अनेक राज्यों की टीमें शामिल हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बतौर मुख्यातिथि जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कारम यूनिवर्सिटी चांसलर, डॉक्टर महिपाल, हरियाणा भाजपा के मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, डॉक्टर प्रवीण अलंकार, महासचिव सॉफ्टबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं संतोष चौहान कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। धनखड़ ने कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन असली खिलाड़ी प्रतियोगिता हारने के बाद भी हिम्मत नहीं हारता और वो तब तक खेलता है, जब तक कि जीत हासिल न हो जाए। खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, सर्वांगीण विकास का माध्यम है।



झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए चांसलर महिपाल। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे परिणाम**

खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच कड़े और रोमांचक संघर्ष देखने को मिले। लड़कियों के वर्ग में तेलंगाना ने गोवा को 10-0 से पराजित किया, जबकि महाराष्ट्र ने केरल को 1-0 से हराया। वहीं लड़कों के वर्ग में मध्य प्रदेश ने गुजरात को 1-0 से तथा जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को 4-3 से शिकस्त दी।

# 5 किलोमीटर की साइकिल रेस में खुशबू प्रथम और चांदनी द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

महिलाओं में खेल भावना, आपसी भाईचारे व स्वास्थ्य जागरुकता बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को खंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के दौरान महिलाओं के बीच 100 मीटर दौड़, 300 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो, साइकिल रेस तथा म्यूजिकल चेयर रेस कराई गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए महिला खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाली सभी प्रतिभागियों को पदक प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



झज्जर। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्यातिथि।

**ये रहे प्रतियोगिता परिणाम**

एथलीट कोच पवन कुमार ने बताया कि म्यूजिकल रेस में प्रेमकौर पहले, सुशीला दूसरे व लता तीसरे नंबर पर रही। डिस्कस थ्रो में अनीता ने पहला, ब्रह्मा ने दूसरा व कृष्णा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रेस में सुनीता प्रथम, कविता द्वितीय व पूजा तृतीय रही। 300 मीटर रेस में मोहिनी ने प्रथम, जयश्री ने द्वितीय व मनीषा ने तृतीय स्थान हासिल किया। 400 मीटर रेस में सुषमा को पहला, योगिता को दूसरा व खुशबू को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। 5 किलोमीटर की साइकिल रेस में खुशबू ने पहला, चांदनी ने दूसरा व बबीता ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया।

## नप चेयरमैन ने लिया नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

# नाला सफाई के बाद दिनभर चला मलबा उठाने और नालों को ढंकने का कार्य, दुकानदारों को मिली राहत

### नप के चेयरमैन ने कर्मचारियों को यथाशीघ्र गंदगी उठाने के निर्देश दिए ताकि दुकानदारों को परेशानी न आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था को लेकर नगर परिषद द्वारा करवाई जा रही नालों की सफाई कार्य के अंतर्गत शुक्रवार को दुकानों के सामने से मलबा हटाया गया। दिनभर चले मलबा उठान व खुले नाले को ढंकने के कार्य के चलते आंबेडकर चौक से जटिया धर्मशाला तक की दुकानों के आगे से गंदगी को हटाया गया। जिसके चलते दुकानदारों को कुछ राहत मिली। इस दौरान नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने भी शहर का दौरा करते हुए सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों को यथाशीघ्र गंदगी उठाने के निर्देश दिए ताकि दुकानदारों को परेशानी न आए।





झज्जर। नालों की सफाई के बाद मलबा उठाने में लगी जेसीबी व शहर में नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

#### सप्ताहंत में चलाया जाना था सफाई कार्य



दुकानदार राजीव सोनी ने कहा कि नालों की सफाई आवश्यक है। लेकिन नगर परिषद को सप्ताह के अखिरी दिनों में कार्य चलाना चाहिए था। रविवार को अवकाश रहता है। यदि कार्य शनिवार को शुरू किया जाता तो उन्हें अधिक परेशानी नहीं आती।

#### सफाई के बाद भी नालों में गिर रहा मलबा



दुकानदार वेद गुप्ता ने बताया कि जिन दुकानों के आगे स्लैब तोड़ी गई है उस स्लैब के भीतरी किनारे पर गंदगी रह गई। नालों की सफाई के बाद अब उन्हें ढकने के दौरान यह गंदगी वापिस नाले में गिर जाएगी।

#### स्लैब का सरिया काटना भी आवश्यक




दुकानदार विवेक शर्मा ने बताया कि तोड़ी गई स्लैब का सरिया नाले के किनारे पर रह गया है। यदि टूटे हुए सरियों को काटे बगैर नाले ढक दिए गए इनमें गंदगी फंसने के कारण नाला फिर से अवरुद्ध हो सकता है।

#### लोहे की प्लेट लाकर बनाया रास्ता



दुकानदार मदन सोनी ने बताया कि नप द्वारा चलाया गया यह कार्य सराहनीय है, लेकिन दुकानदारों की सहुलियत का भी ख्याल रखा जाना चाहिए था। दो दिन तक जब गंदगी नहीं उठाई गई तो लोहे की प्लेट लगाकर दुकान पर आवागमन का रास्ता बनाया है।



झज्जर। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

## मनरेगा में बदलाव पिछड़े व गरीबों के अधिकारों पर कुठाराघात : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

**सरकार ने सिर्फ 2100 परिवारों को ही 100 दिन का काम दिया**

मनरेगा में बदलाव करके बीजेपी सरकार ने पिछड़े, गरीबों, ग्रामीणों और पंचायतों के अधिकारों पर कुठाराघात किया है। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार सत्ता में आते मनरेगा को कमजोर करने में जुट गई थी। कांग्रेस द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब से पता चला कि हरियाणा में आठ लाख से अधिक मनरेगा मजदूर पंजीकृत थे, लेकिन 2024-25 में सरकार ने सिर्फ 2100 परिवारों को ही 100 दिन का काम दिया।

यानी इस योजना को हरियाणा में बीजेपी पहले ही खत्म कर चुकी थी। अब नाम बदलने के साथ-साथ इस योजना के अस्तित्व को ही मिटा दिया गया है, लेकिन कांग्रेस हर स्तर पर इसका विरोध करेगी और सरकार को यह जनविरोधी फैसला वापस लेने के लिए मजबूर करेगी।

उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों के साथ कांग्रेस मजबूती से खड़ी है और पूरे देश में उनके रोजगार की रक्षा के लिए अभियान चला रही है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि एचपीएससी का चेयरमैन अन्य राज्य से बुलाकर नियुक्त किया गया है। वह प्रदेश की तमाम भर्तियों में गैर-हरियाणवियों को भर्ती कर रहा है। एक साजिश के तहत स्थानीय बेरोजगार युवाओं के हकों पर डाका डाला जा रहा है, जो बर्दाश्त नहीं है। इस दौरान विधायक डॉक्टर रघुबीर सिंह कादियान, विधायक गीता भुक्कल, विधायक कुलदीप वत्स सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सेक्टर-6 की जर्जर सड़कें बनवाने के लिए किया प्रदर्शन

### नाराज लोगों ने नगर परिषद कार्यालय पर जोरदार तरीके से जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-6 में लंबे समय से टूटी-फूटी व जर्जर सड़कों से परेशान सेक्टर वासियों का सब्र शुक्रवार को जवाब दे गया। बदहाल सड़कों के खिलाफ लोगों ने पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा व पार्षद बिजेंद्र दलाल के नेतृत्व में नगर परिषद कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और सड़कों के शीघ्र निर्माण की मांग उठाई गई।



बहादुरगढ़। नगर परिषद के गेट पर प्रदर्शन करते सेक्टर निवासी। फोटो : हरिभूमि

आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान जयपाल सांगवान, यशबीर जून, हरकिशन दहिया, हवा सिंह जून, हरकिशन धनखड़, समुंदर कादियान, भजन सिंह, राज सिंह दलाल, जयकरण दलाल, सतबीर दहिया, शशि भूषण वर्मा, राजेंद्र देशवाल, राकेश राठी, संदीप आर्य, किशोरी लाल, एस. राठी, जगबीर दलाल, कपूर राठी, विजय शर्मा, नरेश बंसल, जयवीर भारद्वाज, राम अवतार डबास, धीरज बिंदलिश आदि ने शुक्रवार को नप कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

उनके अनुसार सेक्टर-6 के साथ सेक्टर-2 की सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। गहरे गड्ढों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। बरसात के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार नगर परिषद में शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला, जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही नप के एमई नवीन देशवाल व जेई आकाश मौके पर पहुंचे। फिर प्रदर्शनकारियों के साथ सेक्टर-6 की सड़कों का निरीक्षण किया।

## डीसी ने लो लाइन एरिया में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के दिए निर्देश




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने जिला में लो लाइन एरिया में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में ऐसी भूमि, जहां जलभराव की स्थिति बनी रहती है, वहां मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं हैं और इससे किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है। वहीं जिला मत्स्य अधिकारी अमित सिंह ने विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

जिला में 1255 हेक्टेयर क्षेत्र में मत्स्य पालन हो रहा है। जिला में कुल 566 तालाब हैं। उन्होंने जिले में मत्स्य पालन की वर्तमान स्थिति, संभावित क्षेत्रों और संचालित योजनाओं की प्रगति से डीसी को अवगत कराया।



बहादुरगढ़। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करते जसबीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले पूर्व पार्षद

बहादुरगढ़। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने दिल्ली स्थित भाजपा कार्यलय में नवनियुक्त भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की। इस दौरान कहा कि देश में भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें आम कार्यकर्ताओं को भी बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। उन्होंने नितिन नबीन से आग्रह किया कि हरियाणा में भी मीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। इस अवसर पर रोहित प्रधान, सुभाष शर्मा, सत्यवान, संजय चौहान, लोकेश टुटेजा, पुनीत, आजाद, सचिन राठी, दीपक कुमार, कृष्ण कुमार व राजू आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। बैठक के दौरान प्रधान बिजेंद्र के साथ अन्य कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## बिजेंद्र दहकोरा बने ब्लॉक प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

भारतीय मजदूर संघ से जुड़े ग्रामीण सफाई कर्मचारी शुक्रवार को बहादुरगढ़ ब्लॉक कार्यालय में इकट्ठे हुए। सभी ने अपनी मांगों और प्रधान पद के चुनाव पर मंथन किया। इस दौरान सर्वसम्मति से बिजेंद्र दहकोरा को बहादुरगढ़ ब्लॉक का प्रधान चुन लिया गया।

सभी कर्मचारियों ने बिजेंद्र का फूलमालाओं से अभिनंदन किया। भाजपा एससी मोर्चा के उपाध्यक्ष देव कुमार ने कहा कि कि बिजेंद्र निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। कर्मचारियों के हक की आवाज उठाते हैं।

उन्होंने सरकार से कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की भी मांग उठाई। बैठक में अशोक, रणबीर, अमित, बिजेंद्र, सरोज, विनोद, संदीप, सुनीता, सुनील, दीपक, राजू, नरेश, कप्तान, राजकुमार, मुकेश, सोनू राजेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 16 को प्रतिवाद दिवस मनाएगा एसकेएम

बहादुरगढ़। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी व अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने बताया कि गांव स्तर से लेकर जिला मुख्यालय तक 16 जनवरी को प्रतिवाद दिवस के रूप में मनाएंगे। इस विरोध प्रदर्शन का आह्वान संयुक्त किसान मोर्चा ने किया है। संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान संगठनों के कार्यकर्ता और समर्थक बीज बिल 2025, बिजली बिल 2025, राष्ट्रीय कृषि मार्केटिंग नीति के मसौदे, मनरेगा के स्थान पर लाए गए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम तथा 4 लेबर कोड को निरस्त करने, मुक्त व्यापार समझौतों से दूर हटने, सी2+50 प्रतिशत फार्मूले के अनुसार एमएसपी गारंटी कानून बनाने और सभी फसलों की सरकारी खरीद सुनिश्चित करने, किसानों और मजदूरों को सम्पूर्ण कर्जा मुक्ति देने, 10 हजार रुपये बुढ़ापा पेंशन लागू करने, आपदाओं से बर्बाद फसलों का 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने, मनरेगा स्कीम दोबारा लागू करके अति गरीब किसानों और मजदूरों को साल में 200 दिन काम और 700 रुपए प्रति दिन दिहाड़ी देने, सरकारी विभागों, उद्योगों और उद्यमों को निजी हाथों में न देने तथा अन्य स्थानीय मांगों को लेकर जनसंपर्क अभियान चला कर लोगों को जागरूक करेंगे। संगठन पदाधिकारियों ने सभी किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं से 16 जनवरी के प्रतिवाद दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यकर्मों में शामिल होने का आह्वान किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### यात्री थ्री व्हीलर और ई रिक्शाओं पर ही निर्भर

## शहर में सिटी बस सर्विस की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर में सिटी बस सर्विस की दरकार है। पिछले कुछ वर्षों में दो से तीन बार यह सर्विस शुरू हुई है, लेकिन बेहतर रिस्पांस न मिलने और स्टाफ के अभाव में यह सेवा बंद हो गई। नजदीकी यात्रा के लिए फिलहाल लोग थ्री व्हीलर और ई रिक्शाओं पर ही यात्री निर्भर हैं।

आखिरी बार जुलाई 2024 में यह सर्विस शुरू हुई थी। तब नए से पुराने अड्डे के लिए पांच रुपये और जाखोदा तक दस रुपये किराया निर्धारित किया गया। यह बस सर्विस शुरू हुई तो कामगारों को बेहद लाभ हुआ लेकिन कुछ दिन के बाद सड़कों पर सिटी बस नजर नहीं आई। कुछ रोडवेज कर्मियों की मानें तो लोगों की डिमांड तो थी लेकिन सिटी बस सर्विस को उतना रिस्पांस नहीं मिला, जितनी उम्मीद थी। जितना किराया प्राप्त होता, उससे कहीं ज्यादा का तो डीजल खर्च हो रहा था। वहीं स्टाफ का भी अभाव था। इसी के चलते यह सर्विस बंद की गई। अब लंबा समय बीत जाने के बाद भी सिटी बस नहीं चल सकी है। उधर, डीआई भगवान देव देशवाल ने कहा कि फिलहाल सिटी बस नहीं चलाई जा रही। लोगों की डिमांड भी नहीं आ रही है। डिमांड अनुसार, सेवा चालू कर दी जाती है।




बहादुरगढ़। सफेद हाथी बना रेस्ट हाउस के बाहर स्थित सिटी बस क्यू शेल्टर।

#### सफेद हाथी बनकर रह गए शेल्टर

सतपाल, नवीन व रोहित आदि लोगों का कहना है कि बहादुरगढ़ शहर से लेकर जाखोदा तक रोजाना हजारों लोग सफर करते हैं। ऐसे में वे ऑटो आदि सवारी वाहनों से आते-जाते हैं। ये वाहन चालक मनमाना किराया वसूलते हैं। कई बार तो नए अड्डे के 20 से 30 रुपये तक ले लेते हैं। ऐसे में सिटी बस सर्विस चालू होती है तो हजारों लोगों को लाभ मिले। बता दें कि बहादुरगढ़ में सिटी बस सर्विस के लिए कई वर्ष पहले बस क्यू शेल्टर भी बनाए गए थे। ये शेल्टर सफेद हाथी बनकर रह गए और प्रचार मात्र का जरिया बने हैं।



बहादुरगढ़। मेडलिस्ट विपुल का स्वागत करते सिकंदर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### आंध्रप्रदेश से गोल्ड जीतकर लौटे पहलवान का अभिनंदन

बहादुरगढ़। आंध्र प्रदेश में हुई नेशनल बीच ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ का विपुल पहलवान छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए विपुल ने अपने भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर इलाके का नाम रोशन किया। जीतकर लौटे विपुल पहलवान का जोरदार अभिनंदन किया गया। वार्ड-31 के पार्षद प्रतिनिधि सिकंदर और स्थानीय नागरिकों ने विपुल पहलवान का फूलमालाओं और नोटों की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन से कबीर बस्ती तक विपुल को खुली गाड़ी में ढोल-नगाड़ों के साथ ले जाया गया। सिकंदर ने पदक विजेता विपुल पहलवान तथा उनके कोच प्रवीन पहलवान मांडोठी, ग्रेपलिंग रेसलिंग टीम और ग्रेपलिंग झज्जर के सचिव बिजेंदर पाल को भी बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ी के माता-पिता को भी इस उपलब्धि पर सम्मानित किया। सिकंदर ने कहा कि विपुल की सफलता बहादुरगढ़ और हरियाणा के लिए गर्व का विषय है। वहीं, गोल्ड मेडलिस्ट विपुल पहलवान ने कहा कि उसका लक्ष्य भविष्य में कॉमनवेल्थ गेम्स सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर भारत का नाम रोशन करना है। कार्यक्रम में संजय, ओमप्रकाश, बबली, संजोग, जतिन, अन्नू, नरेश, सतपाल, विधि, मीनू, आकाश पहलवान, सरिता, रितु, भानु, हनी, सोनिया आदि उपस्थित रहे।